# IST LIMITED

To,

Date: 05-10-2019

The Manager,
Corporate Communication Department
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street,
Mumbai – 400001

**(BSE Scrip Code: 508807)**

Sub: Copy of the Newspaper Advertisement under Regulation 47 of LODR.

Dear Sir,

Pursuant to the requirement of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby submit the extract of the Newspaper Advertisement w.e.t. to the Notice for the forthcoming Board Meeting of the Company scheduled to be held on 17/10/2019.

Kindly take the same of record.

Thanking you.

Yours faithfully,

**For IST Limited**

**Bhupinder Kumar**
Company Secretary

Encl.: As above.

TÜV CERT TS 16949:2002 Certificate 0411119970891 RWTÜV

**CIN** - L33301HR1976PLC008316
**Head off. :** A-23, New Office Complex, Defence Colony, New Delhi-110024 (India)
**Phones :** 24694291-92, 24617319 **Fax :** 011-24625694
**Regd. Off. & Factory :** Dharuhera Industrial Complex, Delhi-Jaipur Highway No. 8, Village Kapriwas, Dharuhera, Distt. Rewari-123106 (Haryana)
**Phones :** 01274-267346-48, **Fax :** 01274-267444
**E-mail :** istgroup.ho@gmail.com **Website :** www.istindia.com

ing countries have waged several wars over Kashmir, they could come to possess a combined count of 400 to 500 nuclear weapons by 2025, the study noted. The researchers found that the exploding nuclear weapons could release 16 to 36 million tonnes of soot — tiny black carbon particles in smoke — that could rise to the upper atmosphere and spread around the world within weeks.

## IST LIMITED

CIN: L33301HR1976PLC008316

Regd. Office : Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106

Head Office: A- 23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi -110024

Phone No.: 011-24694291-92

Fax: 011-24625694

Email: istgroup.ho@gmail.com

website: www.istindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, 24th August, 2019, *inter alia*, to consider the sub-division of equity shares of the Company, apart from other business to be transacted with the permission of the Chair. Notice for the Board Meeting is also available on the website of the Company www.istindia.com and also on the website of BSE limited www.bseindia.com.

Date : 03.10.2019
Place : New Delhi

For IST Limited
Sd/-
Bhupinder Kumar
Company Secretary

| | |
|---|---|
| 3 | **Appeal No. 667/252/ND/2019**<br>Income Tax officer Ward 17(3), New<br>ROC (**M/s Morpheus Travel and** ...<br>**Pvt. Ltd. PAN: AADCM9116D) Hav**...<br>**Office at:** 101, Jyoti Shikhar Distr...<br>Janakpuri, New Delhi-110058 |
| 4 | **Appeal No. 628/252/ND/2019**<br>Income Tax officer Ward 16(2), New<br>ROC<br>(**Mahalaxmi Cresec Pvt. Lt**...<br>**AADCM7111L)**<br>**Having Regd. Office at :** 123,<br>Bhawan 16, K.G. Marg, Connau...<br>New Delhi-110001. |
| 5 | **Appeal No. 550/252/ND/2019**<br>Income Tax officer Ward 17(4), New<br>ROC **MR Sanitaryware Pvt.** ...<br>**AAECM9056D)**<br>**Having Regd. Office at :** A-3/49 Pu...<br>Bhajanpura, Shahdara, Delhi-1100... |

In this connection, through this Noti... aforesaid companies are hereby infor... cases before Hon'ble National Compa... as mentioned above. Take notice that i... mentioned respective days, the case w...

davp 15403/11/0014/1920

| | | |
|---|---|---|
| 0136A0000255 | 05.03.2007 | 06.09.2019 |
| 0136A0000593 | 04.02.2007 | 06.09.2019 |
| 0136A0000969 | 25.01.2007 | 06.09.2019 |
| 0136A0001006 | 26.12.2006 | 06.09.2019 |
| 0136A0000939 | 13.09.2006 | 06.09.2019 |
| 0136A0000250 | 20.03.2006 | 06.09.2019 |
| 0136A0000853 | 26.01.2006 | 06.09.2019 |
| 0136A0000311 | 12.12.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000615 | 20.11.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000757 | 31.05.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000141 | 09.05.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000265 | 20.04.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000436 | 18.04.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000956 | 03.03.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000721 | 18.02.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000608 | 09.02.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000315 | 15.01.2005 | 06.09.2019 |
| 0136A0000902 | 29.12.2004 | 06.09.2019 |
| 0136A0000774 | 18.06.2004 | 06.09.2019 |
| 0136A0000508 | 06.03.2004 | 06.09.2019 |
| 0136A0000990 | 22.01.2004 | 06.09.2019 |
| 0136A0000426 | 08.11.2003 | 06.09.2019 |
| 0136A0000934 | 02.08.1998 | 06.09.2019 |
| 0136A0000565 | 17.11.1993 | 06.09.2019 |
| 0136A0000577 | 30.05.1992 | 06.09.2019 |
| 0136A0000562 | 02.07.2018 | 06.09.2019 |
| 0136A0000137 | 07.10.2016 | 06.09.2019 |
| 0136A0000812 | 19.12.2015 | 06.09.2019 |
| 0136A0000838 | 21.02.2015 | 06.09.2019 |
| 0136A0000487 | 16.06.2014 | 06.09.2019 |
| 0136A0000363 | 01.08.2012 | 06.09.2019 |
| 0136A0000563 | 02.08.2010 | 06.09.2019 |
| 0136A0000637 | 14.02.2010 | 06.09.2019 |
| 7 | 01.04.2015 | 29.01.2019 |
| 60010A75SO0173 | 01.04.2017 | 29.08.2019 |
| 60010A75SO0176 | 01.04.2017 | 29.08.2019 |
| 60010A75SO0160 | 01.04.2017 | 29.08.2019 |

Dy. General Manager, DMR-1

## खबर संक्षेप

### जेएनयू में केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के कार्यक्रम में छात्रों ने की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के कार्यक्रम में गुरुवार को कुछ छात्रों ने नारेबाजी की जिसके बदले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने भी जम कर नारे लगाए। केन्द्रीय मंत्री को 'अनुच्छेद 370 निरस्त किया जाना : जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख में स्थिरता एवं विकास' विषय पर व्याख्यान एवं चर्चा के लिए विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था। इस दौरान छात्रों के एक वर्ग ने कश्मीर के पक्ष में नारेबाजी की वहीं एबीवीपी के छात्रों ने इसके जवाब में नारे लगाए कि कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत माता एक हमारी।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** प्रजापति महासभा दिल्ली प्रदेश ने अपने 19वें प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश भर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उनके लिए यह समारोह जीवन भर के लिए एक यादगार बन गया। बापरोला गांव के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह खांडोदिया ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों को बताया कि वे पढाई के साथ ही खेल आदि गतिविधियों में भी शामिल हो। इस मौके पर दिल्ली व अन्य राज्यों से पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 275 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा के महत्व के बारे में शिक्षा अध्यक्ष सतीश एवं सुरेंद्र भांडोरिया ने अपने विचार रखे।

### लैंडफिल साइट पर होगा कचरे का समाधानः गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने गुरुवार को पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा स्थापित गाजीपुर लैंडफिल साइट पर पड़े कूड़े को पृथकीकृत एवं निस्तांतरित करने के लिए ट्रॉमल-कम-बैलेस्टिक मशीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद गौतम गंभीर ने कहा कि गाजीपुर लैंडफिल साइट पर निरंतर बढ़ता हुआ कूड़े का पहाड़ बहुत गंभीर विषय है जिसके स्थायी समाधान के लिए पूर्वी निगम के साथ मिलकर कार्य कर रहें है। वहीं, महापौर अंजू ने कहा कि सांसद के प्रयासों एवं सहयोग से ही यह संभव हो पाया है।

### ग्लोबल पेजेंट मिसेज क्वीन ऑफ इंडिया का ऑडिशन

**नई दिल्ली।** एडवेट ग्लोबल मीडिया एंड क्रिएशन द्वारा आयोजित ग्लोबल पेजेंट मिसेज क्वीन ऑफ इंडिया 2019 प्रतियोगिता के दिल्ली ऑडिशन का आयोजन मंडी हाउस स्थित रशियन सेंटर ऑफ साइंस एंड कल्चर के ऑडिटोरियम में हुआ। महिलाओं ने ऑडिशन में हिस्सा लिया और रैंप वाक कर के जजेस के सामने प्रतिभा का प्रदर्शन दिया।

दिल्ली मंत्रिमंडल ने बिल को मंजूरी देकर एलजी को भेजा

# मुंडका में बनेगा दिल्ली खेल विश्वविद्यालयः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को देश के खिलाड़ियों को बड़ा तोहफा देते हुए उन्हें खेलों में डिग्रियां मिलने के लिए मुंडका में एक अनोखा खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसे दिल्ली खेल विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। जिसे दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने गुरुवार को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने इस बात की जानकारी प्रेसवार्ता में दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से स्कूल से लेकर पीएचडी तक की डिग्री दी जाएगी। इस विश्वविद्यालय का निर्माण मुंडका में 90 एकड़ जमीन पर किया जाएगा। देश के किसी जानेमाने खिलाड़ी को ही इस विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में गांव गांव में टैलेंट है। लेकिन खेल प्रतिभाओं के लिए अभी तक कोई सिस्टम नहीं था। दिल्ली में पहली बार सरकार इसके लिए सिस्टम बनाने जा रही है। अभी तक खेल को पार्ट टाइम माना जाता था। अब इसे फूल टाइम खेला जा सकता है। दिल्ली खेल विश्वविद्यालय बनने के बाद युवाओं को अकादमीक चिंता करने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। देश में ऐसा प्रारूप दिल्ली पहली बार लेकर आया है। जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब इसे उप राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। जिसके बाद शीतकालीन सत्र में ही विधानसभा से पास कराने का प्रयास होगा।

### अब खिलाड़ियों को अलग से पढ़ाई करने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब खिलाड़ियों को किसी और डिग्री की आवश्यकता नहीं है। उन्हें खेल परफॉर्मेंस के आधार पर ही डिग्री मिल जाएगी। खेल में भविष्य बनाने वाले युवा भी अब सिविल सेवा जैसी परिक्षाएं दे पाएंगे। इसके विश्वविद्यालय के तहत आने वाले कोर्स के लिए विशेषज्ञों की टीम बनेगी।

### खिलाड़ियों को मिलेगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिता में पुरस्कार पाकर भी खिलाड़ी दसवीं, बारहवीं या ग्रेजुएट की डिग्री नहीं ले पाते थे। इस कारण वह तमाम तरह की प्रतियोगिता परीक्षा में हिस्सा नहीं ले पाते थे। अब ऐसे खिलाड़ियों को पूरा ध्यान खेल में देना है। खेल के आधार पर ही डिग्री मिल जाएगी।

### स्कूल से ही ले सकेंगे दाखिला

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय के अंतगर्त स्कूल भी खुलेंगे। जहां उन बच्चों को दाखिला मिलेगा, जिन्हें खेल में करियर बनाना है। इस स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों को फिर परीक्षा में पास होने की चिंता नहीं करनी होगी। यह विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी होगी कि बच्चे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाए। साथ ही डिग्री भी मिले। स्कूल स्तर के शिक्षण के लिए सीबीएसई से संबद्धता होगी।

### ये होगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य

युवाओं को खेल, शारीरिक गतिविधि, मनोरंजन और प्रशिक्षण प्रदान करने और शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली खेल विश्वविद्यालय को स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य खेल शिक्षा के उभरते क्षेत्रों में खेल अध्ययन, अनुसंधान और विस्तार कार्य को बढ़ावा देना है।

### डीएसयू को राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा मिलेगा

दिल्ली खेल विश्वविद्यालय (डीएसयू) को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाएगा। जिसमें सरकार, उद्योग खेल-संघ इत्यादि की शक्ति का निर्माण शामिल होगा। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा और अनुसंधान शामिल होंगे। विभिन्न खेलों में पेशेवर उत्कृष्टता के लिए सिस्टम और प्रक्रियाएं बनाना, कौशल विकास, खेल मनोरंजन और सामुदायिक गतिविधियां करना, प्रारंभिक चरण के खेल के लिए संस्थागत तंत्र विकसित करना और प्रतिभा विकास का प्रावधान होगा।

#### उपराज्यपाल होंगे चांसलर

डीएसयू के चांसलर दिल्ली के उपराज्यपाल होंगे और राष्ट्रपति दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के विजिटर होंगे। राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में प्रशासनिक अनुभव के साथ अंतर-राष्ट्रीय प्रतिभा के खेल व्यक्ति को वाइस चांसलर बनाया जाएगा। जिनकी पांच साल के लिए नियुक्ति होगी। चयन तीन सदस्यों की एक खोज सह चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

### विश्व स्तरीय संसाधन होंगे

विश्वविद्यालय के पास खेलों में पेशेवर उत्कृष्टता के लिए एक विश्व स्तरीय केंद्र होगा। संबंधित खेलों में खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए खेल-विशिष्ट प्रभाग होंगे। ये खेल प्रभाग पूरी तरह से विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए सुसज्जित होंगे और खिलाड़ी बनने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए कोचिंग देंगे। प्रत्येक खेल प्रभाग विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पधार्ओं में खिलाड़ियों को स्काउट, प्रमोशन और प्रायोजित करेगा। केंद्र में खेल उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण के अलावा कोच भी तैयार होंगे। साथ ही यहां खेल में रिसर्च करने की सुविधा भी होगी।

### दिल्ली सचिवालय में खुला शिशु गृह, सिसोदिया ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली सचिवालय में काम करने वाले अभिभावकों को बच्चों को अकेले घर पर छोड़ने की समस्या से गुरुवार को निजात देते हुए सचिवालय परिसर में ही एक शिशु गृह खोल दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थापित किए गए इस शिशु गृह का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया। इस शिशु गृह खोलने के पीछे दिल्ली दिल्ली सरकार का विचार यह था कि सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले बहुत से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अपने छोटे बच्चों को घर छोड़ते समय प्राइवेट शिशु गृह में भेजना पड़ता है जिसकी वजह से अभिभावक अपने बच्चों के साथ बहुत कम समय बिता पाते हैं। इस प्रयास की शुरूआत के बाद अब दिल्ली सचिवालय में काम करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को अपने बच्चों को परिसर में रखने से बच्चे और अभिभावक के बीच भौतिक दूरियां तो कम होगी ही, साथ साथ मानसिक और मनोभावों के तौर पर भी मजबूती मिलेगी।सिसोदिया ने कहा कि यह एक शानदार मॉडल है जिसे हर कार्यस्थल पर अपनाया जाना चाहिए। इस कदम से काम करने वाली महिलाओं को अपने बच्चों की साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा जो कि बच्चे और मां दोनों के लिए बेहतरीन सिद्ध होगा। शिशु गृह के उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव विजय देव भी उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास के निदेशक एस. बी. शशांक ने कहा कि अब वे कॉरपोरेट जगत को भी अपने कार्यस्थल पर शिशु गृह बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। यह शिशु गृह जो कि दिल्ली सचिवालय की बिल्डिंग के दूसरी मंजिल पर स्थित है उसने दो फील्डिंग सेंटर है, सोने के लिये दो कमरे हैं, जिनमें 4 बेड हैं। एक खेल का कमरा, 2 ड्रेसिंग रुम और एक बड़ा सा लिविंग एरिया है जिसमें बच्चे उनके माता-पिता रह सकते हैं।



# दिल्ली में बारिश के साथ गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसम ने एक बार फिर करवट ली और गुरुवार रात को दिल्ली में कई जगह तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि देखने को हुई। तेज हवाओं के साथ आई भारी बारिश के कारण लोगों को जगह-जगह भारी जाम का सामना करना पड़ा। वहीं कई जगह दुर्गा और रामलीला पंडालों में अफरा-तफरी मच गई। यही नहीं, इस दौरान हवाई यातायात भी प्रभावित रहा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारी बारिश और तेज़ हवाओं के कारण करीब आधे घंटे तक विमानों की आवाजाही पर असर पड़ा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें प्रभावित रहीं। रात में 7.56 बजे से लेकर 8.22 बजे तक विमानों का संचालन रोक दिया गया। इससे यात्रियों में परेशानी देखी गई। चार उड़ानों को डायवर्ट किए जाने की खबर है। दिल्ली के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश के कारण जलजमाव की भी शिकायतें सामने आईं। ऑफिस से निकले लोग सड़कों पर फंसे दिखे। कई जगह भारी ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आई। पूरे शहर में फिलहाल दुर्गा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। खासकर दक्षिण दिल्ली में जगह जगह रामलीला और दुर्गा पंडाल लगाए हैं। इन पंडालों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ है। बारिश के कारण पंडालों में अफरा तफरी मच गई और लोग खुद को बचाने के लिए इधर उधर भागते दिखे।

### रामलीला और दुर्गा पंडालों में अफरातफरी



### सही साबित हुई मौसम विभाग की भविष्यवाणी

मौसम विभाग ने गुरुवार शाम को बिजली कड़कने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई थी। पूर्वानुमान में दिल्ली, चरखी दादरी, कोसली, रेवाड़ी, बावल, भिवंडी, मनेसर, गुरुग्राम, सोहना, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, नोएडा, झज्जर, भिवानी, जींद, रोहतक, सोनीपत और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई और इन इलाकों में अच्छी खासी बारिश दर्ज की गई।

### रामलीला में बेहतरीन अभिनय करने पर किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बेहतरीन अभिनय करने वाले कलाकारों का सम्मानित किया। डॉ हर्षवर्धन ने बताया कि बुधवार रात अपने संसदीय क्षेत्र चांदनी चौक में आयोजित लवकुश रामलीला, नवश्री धार्मिक रामलीला, श्री धार्मिक रामलीला व श्री नवयुवक रामलीला में दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य मिला। मैंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर रामलीला देखी और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय प्रदर्शन की प्रशंसा की। वहीं, उपस्थित श्रद्धालुओं को गांधी जयंती के पवित्र दिन पर गांधी जी के स्वच्छता आग्रह की याद दिलाई और पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ने की अपील की।

# नजफगढ़-द्वारका ग्रे मेट्रो खंड आज से खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो का द्वारका-नजफगढ़ (ग्रे लाइन) खंड शुक्रवार शाम से आम यात्रियों के लिए खोल दी जाएगी। इस खंड का उद्धघाटन केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मेट्रो भवन में हरी झंडी खिाकर करेंगे। इसके बाद शाम करीब 5 बजे से यह लाइन यात्रियों के लिए खोल दी जाएगी। लगभग 4 किमी. लंबे खंड पर 3 स्टेशन द्वारका, नंगली व नजफगढ़ स्टेशन बनाए गए है। पूरी लाइन पर यात्रा केवल 6 मिनट 20 सेकेंड में पूरी होगी जबकि मेट्रो का परिचालन सुबह 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा।

#### डीएमआरसी मना रही है 'दान उत्सव' सप्ताह

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) दान उत्सव सप्ताह 2019 मना रहा है जोकि 2 से 8 अक्टूबर तक चलेगा। जिसके तहत लोग अपनी पुरानी किताबें व स्टेशनरी का समान दान कर सकते है।

### 'निगम को पंगू बनाना चाहते हैं केजरीवाल'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य व सफाई के लिए उनके मद में बिना देरी किए फंड जारी नहीं किया तो दिल्ली सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगें और बड़े पदाधिकारियों का घेराव करेंगे। उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने गुरूवार को दिल्ली सरकार को चेताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार जानबूझकर उत्तरी निगम के देय राशि जारी नहीं कर रही है, जिसके कारण उत्तरी निगम को कार्य करने के काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**IST LIMITED**
CIN: L33301HR1976PLC008316
**Regd. Office :** Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106
**Head Office:** A- 23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi -110024
**Phone No.:** 011-24694291-92
**Fax:** 011-24625694
**Email:** istgroup.ho@gmail.com
**website:** www.istindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, 24th August, 2019, *inter alia*, to consider the sub-division of equity shares of the Company, apart from other business to be transacted with the permission of the Chair. Notice for the Board Meeting is also available on the website of the Company www.istindia.com and also on the website of BSE limited www.bseindia.com.

For IST Limited
Sd/-
Bhupinder Kumar
Company Secretary

Date : 03.10.2019
Place : New Delhi

# सरकारी स्टोरों पर लोगों को नहीं मिल रही प्याजः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के सरकारी स्टोरों पर लोगों को प्याज नहीं मिल रही है, नवरात्र होने के बाद भी प्याज की कीमतें बाजारों में आसमान छू रही हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाया। प्याज की बढ़ी कीमतों को लेकर केजरीवाल सरकार से जवाब मांगते हुये तिवारी ने कहा कि जनता की रसोई की सबसे बड़ी जरूरत प्याज है और इसकी कालाबाजारी के कारण उसकी बढ़ती कीमतों को रोक पाने में मुख्यमंत्री पूरी तरह से नाकाम हैं। वो दिल्ली के लोगों को जवाब क्यों नहीं देते, कुछ दिन पहले वो इस बात का दावा कर रहे थे कि दिल्ली में लोगों को सस्ती दरों पर प्याज उपलब्ध कराई जायेगी। लेकिन यह बड़े अफसोस की बात है कि केजरीवाल के दिल्ली की जनता से किये चुनावी वादों की तरह ही सस्ती दरों पर प्याज देने का वादा मात्र एक छलावा था। तिवारी ने कहा कि दिल्ली में कालाबाजारी को जमकर हवा मिल रही है, बिना राजनीतिक संरक्षण के ऐसा कतई भी नहीं किया जा सकता है। केजरीवाल दिल्ली की जनता को प्याज के आंसू रूला रहे हैं।

कारीगर जुटे हैं दिन-रात पुतलों की साज-सज्जा में

# अर्थव्यवस्था में सुस्ती, महंगाई की दोहरी मार से और छोटा हुआ रावण का कद

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अर्थव्यवस्था में सुस्ती की मार से 'रावण' भी बच नहीं पाया है। इस बार पुतलों के बाजार में 'रावण' का कद और छोटा हो गया है। राजधानी के पश्चिम दिल्ली के तातारपुर गांव के पुतला बनाने वाले कारीगरों को दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। इन कारीगरों का कहना है कि अर्थव्यवस्था सुस्त है, साथ ही पुतला बनाने वाली सामग्रियों के दाम काफी चढ़ चुके हैं। ऐसे में हमें पुतलों का आकार काफी छोटा करना पड़ा है। तातारपुर पुतलों का प्रमुख बाजार है, लेकिन इस साल यहां कुछ ही स्थानों पर पुतले बनाए जा रहे हैं। यहां के कारीगरों को सुभाष नगर के बेरी वाला बाग में जगह दी गई है। इसके अलावा राजा गार्डन फ्लाईओवर से लेकर सुभाष नगर, राजौरी गार्डन और रघुबीर नगर इलाकों में कारीगर दिन रात पुतलों की साज-सज्जा में जुटे हैं। दशहरा से करीब 45 दिन पहले आसपास के राज्यों के कारीगर पुतला बनाने वाले बड़े 'दुकानदारों' के पास आ जाते हैं। पुतला बनाने वालों में दिल्ली के अलावा हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक तक के कारीगर शामिल हैं। पिछले 25 साल से पुतला बना रहे महेंद्र कहते हैं कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती है। अन्य क्षेत्रों की तरह इसका असर पुतलों के कारोबार पर भी पड़ा है। इस वजह से हमें पुतलों का आकार कम करना पड़ा है क्योंकि पुतला जितना बड़ा होगा, लागत भी उतनी ही अधिक होगी और दाम भी उसी हिसाब से बढ़ जाएगा।



■ आसपास के राज्यों से आए पुतले बनाने के कारीगर

### सामग्री हुई महंगी

महेंद्र ने कहा कि पुतला बनाने की सामग्री भी काफी महंगी हो चुकी है। 20 बांस की कौड़ी का दाम 1,200-1,300 रुपये हो गया है जो पिछले साल तक 1,000 रुपये था। पुतला बांधने में काम आने वाली तार भी 50 रुपये किलो के बजाय 150 रुपये में मिल रही है। कागज का दाम तो लगभग दोगुना हो गया है। तीस साल से अधिक समय से पुतला बनाने के कारोबार से जुड़े सुभाष ने कहा कि कभी तातारपुर का रावण विदेश भी भेजा जाता था। यहां से रावण के पुतले विशेष रूप से आस्ट्रेलिया तक भेजे जाते थे, लेकिन अब विदेशों से मांग नहीं आती है। हरियाणा के करनाल से यहां आकर पुतला बनाने वाले संजय ने कहा कि कभी तातारपुर और आसपास के इलाकों में 60-70 फुट तक के भी पुतले बनाए जाते थे, लेकिन अब दाम चढ़ने और जगह की कमी की वजह से आयोजक छोटे पुतलों की मांग करने लगे हैं। संजय कहते हैं कि आज रावण के पुतलों की तो मांग है, लेकिन कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों के कद्रदान कम ही हैं। ग्राहक द्वारा कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला मांगने पर पुतले का रंग बदल दिया जाता है या मूंछें छोटी कर दी जाती हैं।

#### 40 फुट के पुतले का दाम 17 से 20 हजार रुपये तक

टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के नीचे पुतले बनाने में जुटे राजू ने कहा कि तातारपुर और आसपास 40 फुट तक के ही पुतले बनाए जा रहे हैं। इस बार 40 फुट के पुतले का दाम 17,000 से 20,000 रुपये तक पहुंच गया है। पिछले साल तक यह 12,000-13,000 रुपये था। हालांकि, राजू ने कहा कि पुतलों का दाम ग्राहक देखकर तय किया जाता है। मध्य प्रदेश के एक कारीगर गोकुल ने कहा कि इस बार बच्चों के लिए विशेष रूप से पांच से दस फुट के पुतले बनाए जा रहे हैं। गोकुल ने बताया कि बच्चों के लिए बनाए जा रहे पांच से दस फुट के 'छोटे रावण' का दाम 1,500 से 4,000 रुपये तक है। पुतले बनाने वाले बड़े हर बड़े दुकानदार के पास 20 से 30 लोग काम करते हैं। तातारपुर और आसपास के इलाकों से पुतले हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब तक भेजे जाते हैं। इस समय तातारपुर और आसपास के इलाकों में 500 से अधिक पुतले बनाए जा रहे हैं, जबकि कभी अकेले तातारपुर में ही 1,000 से अधिक पुतले बनाए जाते थे। इनकी मांग हर साल लगातार घट रही है और आकार भी छोटा हो जा रहा है।

### दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा परिणाम की पुनः गणना कर आज प्रकाशित करेंः हाईकोट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा (प्रीलिमनरी) में पूछे गए 15 में से नौ प्रश्नों को दी गई चुनौती को स्वीकार कर लिया है और महापंजीयक से परिणाम की पुनः गणना कर नये परिणाम चार अक्टूबर तक प्रकाशित करने को कहा है। अदालत ने कहा कि शुक्रवार शाम छह बजे तक अतिरिक्त पात्र अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर डालने के अलावा हाईकोर्ट प्रशासन उन्हें मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए एसएमएस और ई-मेल से सूचित करेगा। अदालत न्यायिक अधिकारी बनने के इच्छुक कुछ विधि स्नातकों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अभ्यर्थियों ने 22 सितंबर को हुई दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा (प्रीलिमनरी) की उत्तर पुस्तिका (आंसर की) में कुछ सवालों के सही होने पर संदेह जताया था। न्यायमूर्ति एस. मुरलीधर और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह ने मुख्य परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने के याचिकाकर्ताओं के आवेदन को ठुकरा दिया, क्योंकि हाईकोर्ट को शीर्ष अदालत द्वारा तय समय सीमा को पूरा करना है। मुख्य परीक्षा 12-13 अक्टूबर को होनी है।

**HDFC BANK**
We understand your world

विशेष प्रचालनों हेतु विभाग
5वां तल, अंसल क्लासिक टावर, प्लॉट नं. 1, जे ब्लॉक कम्यूनिटी सेंटर, सूर्या कॉंटीनेंटल के सामने, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027

टीआरसी नं. 73/2017 में वसूली अधिकारी, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल-II, चण्डीगढ़ के आदेशानुसार,
एचडीएफसी बैंक लि. बनाम दीप मशीन टूल्स
घोषणा करते हैं
यहां नीचे वर्णित अनुसार जैसा है जहां है आधार पर अचल सम्पत्ति की बिक्री

**वर्णन**

1. कर्जदार का नाम : मै. दीप मशीन टूल्स
2. बिक्री हेतु सम्पत्ति : 1. प्लॉट नं. 4 और 5, गली नं. 9ए, सरूरपुर इंडस्ट्रीयल एरिया, फरीदाबाद 2. एमसीएफ-521 (नॉर्थ पार्ट) गली नं. 15, जवाहर कॉलोनी, पार्ट-2, एयर फोर्स रोड, फरीदाबाद (हरि.)
3. नीलामी की तिथि : 08.11.2019 पूर्वा. 11.00 बजे
4. नीलामी का स्थान : सम्पत्ति के स्थल पर
5. आरक्षित मूल्य : 1. रु. 1,30,50,000/- (रुपए एक करोड़ तीस लाख पचास हजार केवल) 2. रु. 77,81,000/- (रुपए सतहत्तर लाख इक्यासी हजार केवल)
6. धरोहर राशि : 1. रु. 32,62,500/- (रुपए बत्तीस लाख बासठ हजार पांच सौ केवल) 2. रु. 19,45,000/- (रुपए उन्नीस लाख पैंतालीस हजार केवल) वसूली अधिकारी, डीआरटी-II, चण्डीगढ़ के पक्ष में डीडी / पे-ऑर्डर के माध्यम से।

किसी अन्य पूछताछ हेतु आप कृपया सम्पर्क कर सकते हैं : श्री नरेन्द्र कुमार नंदा, अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लि., मो. नं. - 9310995535

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

धारा 82Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र श्री बीर सिंह पता गँव डाकघर कोमलपुर, ज़िला करनाल, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 17384/17 धारा 379/411 भा.द.स. के अन्तर्गत थाना साऊथ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सदेंह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त राहुल कुमार मिल नही रहा है और मुझें समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त राहुल कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है।)

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त राहुल कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए तारीख 28.11.2019 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वीरेन्द्र सिंह
महानगर दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम
कमरा नं.208, दूसरी मंज़िल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3324/RD/19